प्रेस नोट 20/04/2024

आज दिनांक 20.04.2024 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा, आपरेशन कन्विक्शन अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले कुल 11 न्यायालय पैरोकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित एवं उत्साहवर्धन किया गया जिनका विवरण निम्नवत है-

1. मु0आ0 अमित सेन सिंह थाना रानीपुर।
2. मु0आ0 अनिल तिवारी थाना दक्षिणटोला।
3. मु0आ0 रामबचन थाना हलधरपुर।
4. मु0आ0 श्यामधर यादव दोहरीघाट।
5. मु0आ0 आशीष कुमार थाना कोतवाली नगर।
6. मु0आ0 केश कुमार थाना सरायलखन्सी।
7. आ0 कमलेश कुमार भारती थाना मधुबन।
8. आ0 उमेश कुमार यादव थाना घोसी।
9. आ0 जयन्त तिवारी थाना कोपागंज।
10. आ0 अखण्ड प्रताप गौतम थाना मुहम्मदाबाद।
11. आ0 सुधीर कुमार थाना चिरैयाकोट।

उल्लेखनीय है कि, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे “Operation Conviction” अभियान के अन्तर्गत मऊ पुलिस मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करके माननीय न्यायालय में विचाराधीन महिलाओं/बालिकाओं एवं जघन्य अपराध से सम्बन्धित प्रकरणों में लगातार दण्डात्मक कार्यवाही करायी जा रही है। महिलाओं/बालिकाओं के उत्पीड़न सम्बन्धी अपराधों में जीरो टोलरेंस की नीति रखते हुए शत-प्रतिशत अभियोग पंजीकृत किया जाता है, उसके पश्चात गुण-दोष के आधार पर साक्ष्य संकलित करते हुए ऐसे अपराध कारित करने वाले अपराधियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजते हुए आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित कराकर तत्परतापूर्वक पैरवी करते हुए अपराधियों को कठोर सजा दिलवायी जा रही है। इसी क्रम में विगत माह 01 जनवरी से 31 मार्च वर्ष-2024 में 60 अभियोगों/वादो के 118 अभियुक्तों को प्रभावी पैरवी/विधिक कार्यवाही कराते हुए, सजा करायी गयी है। (05 अभियोगों में 13 अभियुक्तो को आजीवन कारावास, 06 अभियोगों में 15 अभियुक्तो को 10-15 वर्ष की सजा, 08 अभियोगों में 20 अभियुक्तो को 05-09 वर्ष की सजा, 15 अभियोगों में 39 अभियुक्तो को 05 वर्ष से कम की सजा, 26 अभियोगों में 31 अभियुक्तो को जेल में बताई गई अवधि की सजा)। सजा कराने में लोक अभियोजको/शासकीय अधिवक्ताओ, मुख्य आरक्षी/आरक्षी पैरोकार द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है ।

**अवैध गांजा के साथ एक शातिर गिरफ्तार-**

आज दिनांक 20.04.2024 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मीपुर ढाला बन्धा के पास से अभियुक्त जंगबहादुर सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी गोबरही थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से 01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 85/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

**एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 12 किलो 150 ग्राम नाजायज गांजा बरामद -**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिणटोला पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब आज दिनांक 20.04.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बख्तावरगंज चट्टी के पास अभियुक्त अमन सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी कमरौली थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से 12 किलो 150 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 56/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अमन सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी कमरौली थाना मधुबन जनपद मऊ।

**बरामदगी-**

1. 12 किलो 150 ग्राम नाजायज गांजा।

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 56/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना दक्षिणटोला मऊ।
2. मु0अ0सं0 423/23 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना कोतवाली मऊ।
3. मु0अ0सं0 439/22 धारा 411/413/414 भादवि0 थाना कोतवाली मऊ।
4. मु0अ0सं0 434/2022 धारा 379/411/413/414/420 भादवि0 थाना कोतवाली मऊ।
5. मु0अ0सं0 108/2022 धारा 379 भादवि0 थाना मधुबन मऊ।
6. मु0अ0सं0 458/2021 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना मधुबन मऊ।
7. मु0अ0सं0 346/2021 धारा 379/411/419/420 भादवि0 थाना मोहम्मदाबाद मऊ।
8. मु0अ0सं0 334/2021 धारा 41/411/419/420 भादवि0 थाना मधुबन मऊ।
9. मु0अ0सं0 332/2021 धारा 379/411 भादवि0 थाना मधुबन मऊ।
10. मु0अ0सं0 279/2021 धारा 379/411 भादवि0 थाना मधुबन मऊ।
11. मु0अ0सं0 547/2017 धारा 363/366 भादवि0 थाना मधुबन मऊ।

**गिरफ्तारकर्ता टीम-**

1. उ0नि0 आनन्द सिंह चौहान, उ0नि0 प्रशि0 रामाज्ञा कुमार, हे0का0 मनीराम, हे0का0 मानिकराज यादव, का0 गुरमीत सिंह, का0 नवयुग पाण्डेय थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 20.04.2024 पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद में

क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया जा रहा आश्वस्त।